पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेल- spsrn-up@nic.in

प्रेस-नोट, जनपद भदोही

पत्र संख्या- (07)/2025 *दिनांक- 07.05.2025*

मात्र 36 घण्टे में शिवम सरोज हत्याकाण्ड का खुलासा, हत्याभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से घटना के समय पहने खून से सने कपड़े बरामद

दिनांक 05.05.2025 को थाना औराई पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बड़ा सीउर निवासी शिवम सरोज पुत्र नंदलाल सरोज उम्र करीब 18 वर्ष मृत अवस्था में सीउर नहर के पास पड़ा है , जिसके सिर में चोट लगी हुई है। थाना औराई पर मृतक के पिता नन्दलाल सरोज द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तत्काल मु0अ0सं0-201/2025 धारा-103(1) बी.एन.एस. अज्ञात में पंजीकृत किया गया। **श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही** द्वारा अपराध की गभीरता के दृष्टिगत रखते द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए **श्री शुभम अग्रवाल**, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के नेतृत्व क्षेत्राधिकारी औराई नरेश कुमार सिंह गौतम स्वाट टीम प्रभारी व उनकी टीम तथा प्रभारी निरीक्षक औराई राम सरीख के नेतृत्व में टीम गठित की गई तथा उन्हे तत्काल घटना के अनावरण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा स्वयं घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परिणाम स्वरुप **श्री शुभम अग्रवाल**, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा गठित टीम का नेतृत्व करते हुए सभी संदिग्धो से एवं घटनास्थल के निरीक्षण के पश्चात उक्त हत्याकांड का मात्र 36 घण्टे के भीतर पर्दाफाश किया गया तथा उनके कुशल निर्देशन घटना में शामिल बाल अपचारी को पुलिस टीम द्वारा उसके घर से गिरफ्तार किया गया तथा उसके निशानदेही पर घटना कारित करते समय अपचारी द्वारा पहने गए कपडे खून से सने जींस व टी-शर्ट को बरामद किया गया। घटना की शीघ्र व सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम के उत्साहवर्धन करने हेतु **अभिमन्यु मांगलिक,** पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा **25,000/- रु0** से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ में अपचारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 04.05.25 को समय करीब 08.00 बजे रात्रि मे शिवम सरोज पुत्र नन्दलाल सरोज उम्र करीब 18 वर्ष निवासी बड़ा सिउर थाना औराई जिला भदोही मेरे घर के बगल मे पश्चिम तरफ बाँस की कोठ के पास खड़ा होकर मेरी बहन खुशी जो बाल्टी मे पानी लेकर आ रही थी को बुलाकर अपने साथ मेरे घर के उत्तर-पूर्व की तरफ गेहूँ का कटा हुआ खाली खेत से होते हुये करीब 400 – 500 मीटर दूर लेकर चला गया। शक होने पर मैं भी पीछे पीछे गया जाकर देखा कि वह मेरी बहन के साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश कर रहा था। गुस्से में आकर मेरे द्वारा पास में पड़े ईट से शिवम के सर पर वार किया गया, जिससे शिवम की मृत्यु हो गई। मैं कुछ देर गिरे हुये शिवम के पास खड़ा रहा परन्तु वह जमीन से नही हिला डुला जब मुझे पूरा विश्वास हो गया है कि वह मर गया है तो मैने जिस ईँट के टुकड़े से शिवम को मारा था उसे वहीं फेक कर चला गया ,जो ईट का टुकड़ा घटनास्थल से पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया है।

बरामदगी का विवरण-

घटनास्थल से आला कत्ल एक अदद ईँट का टुकड़ा खुन लगा हुआ, एक जोड़ी चप्पल व आरोपी द्वारा घटना के समय पहने हुए जींस व टी-शर्ट खून लगा हुआ

अनावरण अभियोग का विवरण-

1.मु0अ0सं0-201/2025 धारा-103(1) बी.एन.एस. थाना औराई जनपद भदोही

अनावरण में शामिल स्वाट टीम-

टीम-II- निरी0 श्याम बहादुर यादव (प्रभारी एस0ओ0जी0/ सर्विलांस सेल),हे0का0 धीरेन्द्र श्रीवास्तव,हे0का0 राधेश्याम कुशवाहा, हे0का0 हरिकेश यादव, हे0का0 बृजेश सिंह सुर्यवंशी, का0 हिमान्शु सिंह, का0 गोपाल खरवार, का0 नीरज यादव,का0 प्रवेश कुमार, का0 शेराफुल हसन, का0 अहम सिंह, का0 प्रिन्स भार्गव,का0 राघवेन्द्र कुशवाहा,का0प्रत्युश पाठक व का0 चा0 हरिओम यादव स्वाट व सर्विलांस टीम

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. रामसरीख गौतम प्रभारी निरीक्षक औराई
2. कां0 विनीत सिंह
3. कां0 कैलाश प्रजापति
4. हे0का0चा0 एखलाख खां थाना औराई जनपद भदोही